प्रसार भारती

भारतीय प्रसारण निगम

आकाशवाणी केन्द्र शिमला

03.02.2026/प्रादेशिक समाचार/11:00बजे

पीएम मोदी – अमरीका राष्ट्रपति

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि अब मेड इन इंडिया उत्पादों पर अमरीका का टेरिफ घटकर 18 प्रतिशत हो जाएगा। उन्होंने अमरीका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के साथ बातचीत के बाद सोशल मीडिया पोस्ट में यह घोषणा की। प्रधानमंत्री ने कहा कि उनका अपने प्रिय मित्र राष्ट्रपति ट्रंप से बात करना बेहद सुखद रहा। उन्होंने कहा कि जब विश्व की दो बड़ी अर्थव्यवस्थाएं और दो बडे लोकतंत्र मिलकर काम करते हैं तो इससे जनता को लाभ होता है और आपसी लाभकारी सहयोग के अपार अवसर उत्पन्न होते हैं। प्रधानमंत्री ने इस घोषणा के लिए भारत की एक अरब चालीस करोड़ जनता की तरफ से राष्ट्रपति ट्रंप के प्रति आभार व्यक्त किया।

विक्रमादित्य सिंह

लोक निर्माण मंत्री विक्रमादित्य सिंह ने कहा है कि प्रदेश सरकार राज्य में नई ड्रेनेज नीति लाएगी। विक्रमादित्य सिंह ने शिमला में पत्रकारों से अनौपचारिक बातचीत में कहा कि इस नीति का उद्देश्य राज्य में सड़कों को पानी से होने वाले नुकसान से बचाना है। उन्होंने कहा कि राज्य में अधिकतर सड़कें इसलिए समय से पहले खराब हो जाती हैं क्योंकि पानी की निकासी के लिए उचित ड्रेनेज नहीं होती और खासकर वर्षा का पानी सड़कों पर बहता है।

जयराम ठाकुर

नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने कहा है कि वी.बी. जीराम जी योजना केवल मजदूरी देने का माध्यम ही नहीं बल्कि एक मिशन है जिसमें ग्रामीण परिवारों को एक सौ 25 दिनों के रोज़गार की गारंटी दी गई है। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार ने आगामी वित्त वर्ष के बजट में इस योजना के लिए 95 हजार 6 सौ 92 करोड़ रूपए से अधिक के विशाल बजट का आबंटन किया है।

बहिष्कार

चंबा शहर के मोहल्ला ओबड़ी के लोगों ने निकट भविष्य में नगर पालिका और विधानसभा चुनाव का बहिष्कार करने का फैसला किया है। इन लोगों ने ये फैसला सरकार और प्रशासन द्वारा मोहल्ला ओबड़ी में बुनियादी सुविधाओं की लंबे समय से अनदेखी के विरोध में लिया है। मोहल्ला

ओबड़ी के लोगों का आरोप है कि सड़क, सीवरेज और अन्य मूलभूत सुविधाओं को लेकर कई बार की शिकायतों के बावजूद सरकार अथवा प्रशासन ने कोई ठोस कदम नहीं उठाए हैं। ऐसे में खराब सड़कों और अधूरी सीवरेज व्यवस्था से लोगों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। स्थानीय लोगों का कहना है कि राजनेता भी सिर्फ वोट लेने आते हैं और बाद में जनता की सुध तक नहीं ली जाती।

सड़क बंद

राजधानी शिमला की संजौली ढली बाईपास सड़क सभी प्रकार के वाहनों की आवाजाही के लिए बंद कर दी गई है। इस सड़क पर आज चलौंठी के पास एक बड़ा गड्ढा बन जाने के कारण इस सड़क पर यातायात बंद कर दिया गया है। इस गड्ढे के कारण कुछ मकानों में भी दरारें आ गई हैं। ये घटना फोरलेन सड़क के लिए बन रही सुरंग के कारण हुई बताई जा रही है।

मौसम

प्रदेश में बीते तीन दिनों के दौरान हुई बर्फबारी और वर्षा से राज्य में शीतलहर का प्रकोप जारी है। राज्य के आधा दर्जन से अधिक स्थानों पर न्यूनतम तापमान जमाव बिंदू से नीचे बना हुआ है और अधिकतम व न्यूनतम तापमान में सामान्य से कम दर्ज किया जा रहा है। मौसम विज्ञान केंद्र शिमला के वैज्ञानिक संदीप कुमार ने कहा कि आज राज्य के मध्यम व अधिक उंचाई वाले कुछ स्थानों पर वर्षा व बर्फबारी हो सकती है जबकि 4 फरवरी से मौसम में सुधार आने की संभावना है। मौसम विभाग ने लाहौल स्पीति में हिमस्खलन की चेतावनी भी जारी की है।

उधर चंबा जिला के जनजातीय क्षेत्र पांगी और भरमौर सहित अन्य दूरदराज के इलाकों में अभी भी जनजीवन पूरी तरह पटरी पर नहीं लौट पाया है। उपायुक्त चंबा मुकेश रेपसवाल ने कहा कि जिले के दो प्रमुख मार्ग चंबा–चुवाड़ी और खजियार–डलहौजी सहित कई अन्य सड़कें बंद हैं, जिन्हें खोलने के प्रयास जारी हैं। उन्होंने लोगों को बेवजह यात्रा न करने की भी सलाह दी है।

मुकेश रेपसवाल–

जनजातीय जिला किन्नौर की ऊंची चोटियों और कल्पा व छितकुल में बीती रात हिमपात हुआ। जिले में बर्फबारी के कारण अभी भी 17 संपर्क सड़कें बंद हैं। हालांकि राष्ट्रीय राजमार्ग पांच पर यातायात सामान्य बना हुआ है।

इसी के साथ ये समाचार बुलेटिन समाप्त हुआ। हमारा अगला बुलेटिन आप सुन सकते हैं दोपहर तीन बजे नमस्कार।